**11**

**C**

# SUMMATIVE ASSESSMENT - I (2017 – 18)
## Second Language - HINDI

**Class : IX** **(Max. Marks : 80)** **No. of Questions: 80**

सूचनाएँ :-

1. प्रश्नपत्र पुस्तिका के रूप में दिया जाएगा ।
2. सब प्रश्न वस्तुनिष्ठ होंगे ।
3. सभी प्रश्नों के उत्तर O.M.R. पत्र में नीले/काले कलम से सूचित करना चाहिए ।
4. प्रश्न का सही उत्तर पहचानकर O.M.R. पत्र में प्रश्न संख्या के सामने दिए गए चार गोलों में से सही गोले को कलम से पूर्ण रूप से भर देना चाहिए । उदाहरण : प्रश्न संख्या 1 का उत्तर अगर 3 है तो इस प्रकार भरना है :

   ① ② ● ④
5. गोले में ×,✓ जैसे चिह्नों से भरने पर जवाब पत्र का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा ।
6. एक ही प्रश्न के लिए एक से अधिक गोलों को भरने से या O.M.R. पत्र में काँट-छाँट करने पर मूल्यांकन नहीं किया जाएगा ।
7. निर्धारित समय में सभी प्रश्नों के जवाब भरकर O.M.R. पत्र निरीक्षक (Invigilator) को देना चाहिए ।

## अर्थग्राह्यता – प्रतिक्रिया

निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर पहचानिए : (प्रश्न : 1 – 5)

मैंने हँसना सीखा है, मैं नहीं जानती रोना ।
बरसा करता पल पल पर, मेरे जीवन में सोना ।
मैं अब तक जान न पाई कैसी होती है पीड़ा ।
हँस हँस जीवन में कैसे करती हैं चिंता क्रीड़ा ।

1. कवयित्री ने हँसना सीखा । उसने क्या नहीं सीखा ?

(1) रोना (2) लिखना
(3) हँसना (4) पढ़ना

2. कवयित्री के जीवन में पल पल क्या बरसता है ?

(1) ताँबा (2) काँसा
(3) चाँदी (4) सोना

3. कवयित्री अब तक क्या न जान पाई ?

(1) बीड़ा (2) कीड़ा
(3) क्रीड़ा (4) पीड़ा

4. 'क्रीड़ा' का अर्थ बताइए ।

(1) खाना (2) खेलना
(3) पढ़ना (4) लिखना

5. यह पद्यांश किस कविता पाठ से दिया गया है ?

(1) मेरा जीवन (2) आपका जीवन
(3) गानेवाली चिड़िया (4) प्रकृति की सीख

निम्नलिखित कविता पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर पहचानिए : (प्रश्न : 6 – 10)

सज्जित जैसे नभ की थाली
दीपों का उत्सव दिवाली
पंक्ति-पंक्ति में दीप जले हैं
लगते कितने भले-भले हैं
भाग रहा जग से अंधियारा
कोई न रहे मन से खाली
दीपों का उत्सव दिवाली ।

6. दिवाली कैसे सज्जित है ?
(1) पाताल की थाली जैसी
(2) स्वर्ग की थाली जैसी
(3) भूमि की थाली जैसी
(4) आसमान की थाली जैसी

7. पंक्ति-पंक्ति में क्या जले हैं ?
(1) दीप
(2) पटाखे
(3) मोमबत्तियाँ
(4) बिजली की बत्तियाँ

8. दीपों का उत्सव यह है
(1) ओणम
(2) दीपावली
(3) दशहरा
(4) संक्रांति

9. दीप जग से किसको भगाते हैं ?
(1) अंधेरे को
(2) सबको
(3) उत्सव को
(4) प्रकाश को

10. 'भला' – विलोम शब्द पहचानिए ।
(1) सच्चा
(2) पाप
(3) बुरा
(4) अच्छा

निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर पहचानिए । (प्रश्न : 11 – 15)

एक दिन चिड़िया को खेतों में मेहनत करने वाले किसानों की याद आई । उन सबसे मिलने वह खेतों की ओर निकल पड़ी । जब राजा को चिड़िया दिखाई नहीं दी, तो वह दुखी हुआ और अस्वस्थ हो गया । सारी प्रजा राजा की अस्वस्थता के बारे में चिंतित थी । सभी सोचने लगे कि राजा को कैसे बचा लें ?

11. एक दिन खेतों में रहने वाले किसानों की याद किसे आई ?
(1) चिड़िया
(2) चील
(3) कौआ
(4) तोता

12. चिड़िया किससे मिलने खेतों की ओर निकल पड़ी ?
(1) लड़की से
(2) किसानों से
(3) राजा से
(4) प्रजा से

13. राजा की अस्वस्थता के बारे में कौन चिंतित थी ?
(1) किसान
(2) लड़की
(3) प्रजा
(4) चिड़िया

14. 'अस्वस्थता' शब्द का विलोम शब्द पहचानिए।

(1) स्वस्थता (2) अप्रसन्नता

(3) स्वच्छता (4) प्रसन्नता

15. यह गद्यांश किस पाठ से दिया गया है ?

(1) बेटी के नाम पत्र (2) फुटबॉल

(3) बदलें अपनी सोच (4) गानेवाली चिड़िया

निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर पहचानिए : (प्रश्न : 16 – 20)

साबरमती आश्रम भारत के गुजरात राज्य के अहमदाबाद जिले में साबरमती नदी के किनारे पर स्थित है। इस आश्रम की स्थापना सन् 1917 में अहमदाबाद के कोचरब नामक स्थान में महात्मा गांधीजी के द्वारा हुई थी। उसी साल यह आश्रम साबरमती नदी के किनारे वर्तमान स्थान पर स्थानांतरित हुआ। गांधीजी ने आश्रम में रहते हुए खेड़ा सत्याग्रह का सूत्रपात किया। 12 मार्च 1930 को गांधीजी ने अन्य अठहत्तर व्यक्तियों के साथ नमक कानून भंग करने के लिए ऐतिहासिक दांडी यात्रा की।

16. साबरमती आश्रम किस राज्य में है ?

(1) गुजरात (2) असम

(3) दिल्ली (4) उत्तरप्रदेश

17. साबरमती आश्रम की स्थापना किसने की ?

(1) पटेलजी (2) राजाजी

(3) गांधीजी (4) नेहरूजी

18. गांधीजी ने यहाँ रहते हुए किस सत्याग्रह का सूत्रपात किया ?

(1) भारत छोड़ो आंदोलन (2) खिलाफत आंदोलन

(3) असहयोग आंदोलन (4) नमक सत्याग्रह

19. गांधीजी ने आश्रम के कितने व्यक्तियों के साथ दांडी यात्रा शुरू की ?

(1) 88 (2) 78

(3) 58 (4) 68

20. 'ऐतिहासिक' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(1) इक (2) ईक

(3) क (4) सिक

## अभिव्यक्ति–सृजनात्मकता

निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यान से पढ़िए । सूचना के अनुसार विकल्पों में से उत्तर पहचानिए । (प्रश्न : 21 – 60)

21. पढ़ाई के साथ-साथ खेलों की आवश्यकता होती है । इसका कारण है –
(1) आलसी बनने के लिए
(2) उत्साह के साथ खेलने के लिए
(3) उत्साह के साथ पढ़ाई में भाग न लेने के लिए
(4) उत्साह के साथ पढ़ाई में भाग लेने के लिए

22. चिड़िया बोली, "नहीं महाराज मुझे अपना संगीत मेहनत करने वालों को भी सुनाना है । मैं हर दिन यहाँ आऊँगी । आपको भी अपना संगीत सुनाऊँगी ।"
चिड़िया की इन बातों से हमें यह पता चलता है :
(1) चिड़िया घमंडी है ।
(2) चिड़िया नादान है ।
(3) चिड़िया परोपकारी है ।
(4) चिड़िया स्वार्थी है ।

23. युधिष्ठिर ने यक्ष से नकुल के लिए जीवनदान माँगा । इसका कारण यह है :
(1) माता माद्री की संतान को जीवित रखने के लिए
(2) पक्षपातपूर्ण व्यवहार
(3) नकुल के प्रति अपार प्रेम
(4) भीम और अर्जुन से प्रेम नहीं

24. 'जिस देश में गंगा बहती है' कविता पाठ के आधार पर निम्नलिखित पंक्तियों का उचित क्रम पहचानिए :
(A) होठों पे सचाई रहती है,
(B) हम उस देश के वासी हैं
(C) जहाँ दिल में सफाई रहती है
(D) जिस देश में गंगा बहती है ।
(1) (A), (C), (B), (D)
(2) (A), (C), (D), (B)
(3) (A), (D), (B), (C)
(4) (A), (B), (C), (D)

25. नेहरू जी ने इंदिरा को कहाँ से पत्र लिखा था ?
(1) अपने घर से
(2) साबरमती आश्रम से
(3) इलाहाबाद से
(4) नैनी जेल से

26. वर्ग पहेली में खेलों के नाम छिपे हैं । उनमें किस खेल का नाम नहीं है ?

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| खो | क्रि | आ | क | टे |
| खो | के | हॉ | की | नि |
| फु | ट | बॉ | ल | स |

(1) टेनिस
(2) हॉकी
(3) कबड्डी
(4) फुटबॉल

27. 'गानेवाली चिड़िया' पाठ के आधार पर उचित जोड़ी पहचानिए ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | राजा | 1. | मधुर स्वर |
| B. | चिड़िया | 2. | अन्नदाता |
| C. | यात्री | 3. | यात्रा वृत्तांत |
| D. | किसान | 4. | सुंदर महल |

(1) A-4, B-1, C-3, D-2
(2) A-4, B-1, C-2, D-3
(3) A-4, B-2, C-1, D-3
(4) A-4, B-3, C-1, D-2

चित्र को देखिए । दिए गए प्रश्नों के उत्तर पहचानिए । (प्रश्न : 28 – 29)



28. इस चित्र में पर्वत शीश उठाकर जीने का संदेश देता है । शीश उठाकर जीना – इसका अर्थ क्या है ? पहचानिए ।

(1) घमंड के साथ जीना
(2) ईर्ष्या के साथ जीना
(3) अनादर के साथ जीना
(4) मान-सम्मान के साथ जीना

29. बादल से यह नहीं होता :

(1) जल स्रोत पानी से भर जाते हैं ।
(2) फसलें सूख जाती हैं ।
(3) पानी मिलता है ।
(4) गर्मी घटती है ।

30. 'तारे जमीं पर' सिनेमा को आधार बनाकर जोड़ी बनाइए ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | निर्माता | 1. | दर्शील सफारी |
| B. | गीत | 2. | आमिर खान |
| C. | संगीत | 3. | प्रसून जोशी |
| D. | कलाकार | 4. | शंकर – अहसान – लॉय |

(1) A-2, B-3, C-1, D-4
(2) A-1, B-2, C-3, D-4
(3) A-2, B-3, C-4, D-1
(4) A-3, B-2, C-4, D-1

31. सम्मक्का–सारक्का जातरा में भक्तजन देवी को 'सोना' नैवेद्य के रूप में चढ़ाते हैं।
यहाँ 'सोना' शब्द का प्रयोग किस अर्थ में किया गया ?

(1) लड्डू (2) नारियल
(3) शक्कर (4) गुड़

32. एक दिन चिड़िया को खेतों में मेहनत करने वाले किसानों की याद आई।
उस समय चिड़िया कहाँ थी ?

(1) दरबार में (2) घोंसले में
(3) जंगल में (4) राज महल में

पत्र पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर पहचानिए । (प्रश्न : 33 – 35)

अमरावती,
8 दिसम्बर, 2017

पूज्य पिताजी,

सादर प्रणाम। मैं यहाँ कुशल हूँ। आशा करता हूँ कि आप सब वहाँ सकुशल हैं।
हमारे विद्यालय का भवन बड़ा आकर्षक है। कमरे स्वच्छ और विशाल हैं। अध्यापक चरित्रवान हैं और अपने–अपने विषय के विद्वान हैं। विद्यार्थियों के लिए खेल का मैदान है। एक बड़ा पुस्तकालय और विज्ञानशाला भी है। मेरी पढ़ाई के लिए यहाँ का वातावरण बड़ा अनुकूल है। माताजी को प्रणाम।

आपका सुपुत्र,
इन्द्रजीत।

पताः
राघवेन्द्र पी.
घर संख्या – 1/3
श्री कॉलोनी,
एलूर।

33. इस पत्र में किसका वर्णन है ?

(1) विज्ञानशाला (2) विद्यालय
(3) पुस्तकालय (4) खेल मैदान

34. पत्र में स्थान और दिनांक किस ओर लिखे जाते हैं ?

(1) ऊपर (2) नीचे
(3) ऊपर दायीं ओर (4) नीचे बायीं ओर

35. पत्र में 'पाने वाले का पता' कहाँ लिखा जाता है ?

(1) नीचे बायीं ओर (2) पत्र के आरंभ में
(3) नीचे दायीं ओर (4) पत्र के बीच में

इस निबंधांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर पहचानिए । (प्रश्न : 36 – 37)

विद्यार्थी जीवन में खेलों का बड़ा महत्त्व है । खेलों से विद्यार्थी अपने में चुस्ती और ताजगी अनुभव करता है । शरीर का विकास खेलकूद पर निर्भर करता है । मन में और अधिक कार्य करने की लगन पैदा होती है । खेलों द्वारा मिलजुल कर काम करने की भावना पैदा होती है । आगे बढ़ने की भावना दृढ़ होती है । विद्यार्थी हार-जीत को खुशी-खुशी स्वीकार करता है ।

36. इसका शीर्षक क्या हो सकता है ?

(1) खेलों का महत्त्व (2) विद्यार्थी का महत्त्व

(3) शिक्षा का महत्त्व (4) सहयोग का महत्त्व

37. खेलकूद से शारीरिक विकास होता है ।
पढ़ाई से खेलकूद का क्या संबंध होता है ?

(1) मानसिक विकास और शारीरिक विकास अलग-अलग हैं ।

(2) पढ़ाई से खेलकूद का संबंध नहीं है ।

(3) मानसिक विकास पर शारीरिक विकास का प्रभाव होता है ।

(4) मानसिक विकास पर शारीरिक विकास का प्रभाव नहीं होता है ।

इस विज्ञापन को ध्यान से देखिए । प्रश्नों के उत्तर पहचानिए । (प्रश्न : 38 – 40)




38. यह विज्ञापन किसकी बिक्री से संबंधित है ?

(1) साड़ियाँ (2) चूड़िया

(3) पतलून (4) कमीज़

39. इस विज्ञापन में कितने प्रतिशत छूट देने की बात है ?

(1) चौंतालीस
(2) साठ
(3) चालीस
(4) पचास

40. सेल किस नगर में है ?

(1) एलूर
(2) विजयवाडा
(3) गुंटूर
(4) नेल्लूर

इस कार्टून को देखिए । संवाद पढ़िए । प्रश्नों के उत्तर पहचानिए । (प्रश्न : 41 – 42)



रामू : तुम कौन सा साबुन इस्तेमाल करते हो ?

श्याम : मैं तो मुन्ना साबुन, मुन्ना पेस्ट, मुन्ना शैम्पू इस्तेमाल करता हूँ ।

रामू : यह इंटरनेशनल ब्रैंड है क्या ?

श्याम : नहीं यार ! मुन्ना तो मेरा रूममेट है ।

41. श्याम के पेस्ट का ब्रांड क्या है ?

(1) कॉलगेट
(2) पतंजलि
(3) रामू
(4) मुन्ना

42. मुन्ना किसका रूममेट है ?

(1) सोनू
(2) मोनू
(3) श्याम
(4) रामू

43. (A) भारतीयों को मेहमाँ जान से प्यारा होता है।
(B) भारतीय हर जान की कीमत जानते हैं। (इन कथनों को पढ़कर सही उत्तर पहचानिए।)
(1) (A) गलत है और (B) सही है। (2) (A) और (B) गलत हैं।
(3) (A) और (B) सही हैं। (4) (A) सही है और (B) गलत है।

44. संयुक्त राष्ट्र संघ में युगरत्ना श्रीवास्तव ने भाषण दिया। उसने पर्यावरण समस्याओं पर कई प्रश्न उठाए। इसका उद्देश्य यह है ________
(1) भविष्य की पीढ़ी को प्रदूषण से बचाने के लिए
(2) संसाधनों का उपयोग न होने के लिए
(3) जैवमित्र तकनीकों को घटाने के लिए
(4) आर्थिक विकास के लिए

45. सम्मक्का – सारक्का जातरा जनजातीय मेला है। इस जातरा से कौन सी भावना जागृत होती है ?
(1) धन कमाने की लालसा (2) देश के प्रति अपने आपको न समर्पित करने की भावना
(3) भक्ति जागृत न होने की भावना (4) देश के प्रति अपने आपको समर्पित करने की भावना

46. वर देते हुए यक्ष ने युधिष्ठिर से कहा …….. "पक्षपात से रहित मेरे प्यारे पुत्र तुम्हारे चारों ही भाई जीवित हों।"
यक्ष युधिष्ठिर के किस स्वभाव से संतुष्ट हुआ ?
(1) पक्षपात स्वभाव (2) चंचल स्वभाव
(3) धर्म स्वभाव (4) अधर्म स्वभाव

47. "पृथ्वी कहती, धैर्य न छोड़ो"
प्रकृति की सीख कविता पाठ के आधार पर अगली पंक्ति पहचानिए।
(1) कितना ही हो सिर पर भार (2) मन में गहराई लाओ
(3) नभ कहता है, फैलो इतना (4) ढक लो तुम सारा संसार

48. फुटबॉल ताकत और सावधानी का खेल है। यह चुस्ती का खेल है। यह सचाई का खेल है।
इस खेल में इस भावना के लिए स्थान नहीं है :
(1) हार और जीत दोनों से सीखना (2) स्वपक्ष और विपक्ष पर नज़र रखना
(3) खेल को समझकर सराहना करना (4) वैरभाव रखना

49. मैं और तुम बहुत ही भाग्यशाली हैं कि यह आंदोलन हमारी आँखों के सामने हो रहा है और हम भी इसमें कुछ भाग ले रहे हैं।

नेहरू जी ने इंदिरा से ऐसा क्यों कहा ?

(1) जेल में रहने के कारण
(2) साधारण पुरुष भी वीर बन जाने के कारण
(3) स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने का सौभाग्य मिलने के कारण
(4) भारत के इतिहास का निर्माण होने के कारण

50. श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता की पंक्ति पहचानिए।

(1) सुख भरे सुनहरे बादल रहते हैं मुझ को घेरे
(2) मीठे-मीठे मृदुल उमंग
(3) होठों पे सचाई रहती है।
(4) नभ कहता है, फैलो इतना,

51. आमिर खान ने 'तारे ज़मीं पर' कहानी को सुंदर ढंग से परदे पर उतारा है।

इस फिल्म का निष्कर्ष है ……

(1) माता-पिता और अध्यापकों की डाँट खाना।
(2) बच्चों में छिपी प्रतिभा को उभारना।
(3) बच्चों में छिपी प्रतिभा को दबाना।
(4) बच्चों को बोर्डिंग स्कूल में भेजना।

52. 'हमने सबसे कुछ न कुछ सीखा है।'

इस भाव से संबंधित कविता की पंक्ति पहचानिए।

(1) समझ रहे हो क्या कहती है
(2) एक चीज़ यही तो रहती है
(3) मैंने हँसना सीखा है, मैं नहीं जानती रोना
(4) जो जिससे मिला सीखा हमने,

53. सम्मक्का-सारक्का जातरा घने जंगलों व पहाड़ों में स्थित मेडारम में धूम-धाम से मनाते हैं। भक्त लोग सम्मक्का-सारक्का को किस रूप में पूजा करते हैं ?

(1) वन देवता
(2) चिलुकल गुट्टा देवता
(3) ग्राम देवता
(4) पहाड़ी देवता

54. 'प्रकृति की सीख' कविता पाठ के आधार पर जोड़ी बनाइए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | पर्वत | 1. | धैर्य न छोड़ो |
| B. | सागर | 2. | ढक लो तुम सारा संसार |
| C. | तरंग | 3. | गहराई लाओ |
| D. | पृथ्वी | 4. | हृदय में उमंग भर लो |
| E. | नभ | 5. | ऊँचे बन जाओ |

(1) B-3, C-4, D-2, E-1
(2) B-3, C-1, D-4, E-2
(3) B-3, C-4, D-1, E-2
(4) B-4, C-3, D-2, E-1

55. युधिष्ठिर के अनुसार धैर्य ही मनुष्य का साथ देता है । इसका कारण यह है ________

(1) आत्म विश्वास जागना
(2) अहंभाव छूट जाना
(3) आत्म विश्वास न जागना
(4) डरपोक बन जाना

इस चित्र को ध्यान से देखिए । प्रश्नों के उत्तर पहचानिए । (प्रश्न : 56 – 58)



56. युगरत्ना श्रीवास्तव ने किस विषय पर भाषण दिया था ?

(1) प्रशांत महासागर
(2) पर्यावरण असंतुलन
(3) पर्यावरण संतुलन
(4) हिमालय

57. चित्र में नीचे अंकित चिह्न किस संस्था का है ?

(1) संयुक्त राष्ट्र संघ
(2) विश्व व्यापार संगठन
(3) विश्व स्वास्थ्य संगठन
(4) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

58. युगरत्ना श्रीवास्तव ने संयुक्त राष्ट्र संघ में भाषण कब दिया ?

(1) दिसम्बर, 2009
(2) जनवरी, 2009
(3) सितम्बर, 2009
(4) अक्तूबर, 2009

59. जवाहरलाल नेहरू जी ने अपनी बेटी इंदिरा के नाम कई पत्र लिखे थे । उन पत्रों का प्रभाव इंदिरा जी पर कैसे रहा ?

(1) चिंताओं में फँसना
(2) साधारण स्त्री मात्र रह जाना
(3) भाषा का विकास
(4) चरित्र का विकास

60. ईशान प्रतिभाशाली बालक है, लेकिन डिस्लेक्सिया की समस्या से पीड़ित है । डिस्लेक्सिया समस्या से कौन सी तकलीफ होती है ?

(1) बोलने में
(2) अक्षरों को पढ़ने में
(3) पेन्टिंग करने में
(4) खेलने में

## भाषा की बात

प्रश्नों को ध्यान से पढ़िये । सूचना के अनुसार विकल्पों में से उत्तर पहचानिए । (प्रश्न : 61 – 80)

61. सन् <u>1948</u> में सुभद्रा कुमारी की मृत्यु हुई । (रेखांकित अंक को हिंदी अक्षरों में पहचानिए)

(1) उन्नीस सौ अट्ठाईस
(2) उन्नीस सौ अड़तालीस
(3) उन्नीस सौ अड़तीस
(4) उन्नीस सौ अट्ठावन

62. पर्वत हमें <u>सिर</u> उठाकर जीने का संदेश देता है । (व्याकरण की दृष्टि से रेखांकित शब्द क्या है ?)

(1) क्रिया
(2) विशेषण
(3) संज्ञा
(4) सर्वनाम

63. <u>हम</u> भारत देश के निवासी हैं । (व्याकरण की दृष्टि से रेखांकित शब्द क्या है ?)

(1) क्रिया
(2) विशेषण
(3) संज्ञा
(4) सर्वनाम

64. मैं एक दिन जरूर देश की किसी बड़ी टीम में खेलूँगा । (विशेषण शब्द पहचानिए)

(1) बड़ी
(2) खेलूँगा
(3) देश
(4) टीम

65. अपनी धरती को बचा लें । (क्रिया शब्द पहचानिए)

(1) को
(2) बचा लें
(3) अपनी
(4) धरती

66. मन हवा से भी <u>तेज़</u> चलता है । (व्याकरण की दृष्टि से रेखांकित शब्द क्या है ?)

(1) विशेषण
(2) क्रिया-विशेषण
(3) सर्वनाम
(4) संज्ञा

67. छात्र कविता सुनता है । (स्त्रीलिंग वाक्य पहचानिए)

(1) छात्र कविता सुनती है ।
(2) छात्राएँ कविता सुनती हैं ।
(3) छात्रा कविता सुनती है ।
(4) छात्री कविता सुनती है ।

68. साधारण स्त्री वीरांगना बन जाती है। (बहुवचन रूपी वाक्य पहचानिए)

(1) साधारण स्त्रियाँ वीरांगनाएँ बन जाती हैं।

(2) साधारण स्त्रियाँ वीरांगनाओं बन जाती हैं।

(3) साधारण स्त्री वीर बन जाते हैं।

(4) साधारण स्त्रिएँ वीरांगनाएँ बन जाती हैं।

69. पांडव हिरण ________ खोज में निकल पड़े। (उचित कारक चिहन पहचानिए)

(1) के (2) का

(3) कि (4) की

70. शुद्ध रूप पहचानिए।

(1) हमें अपनी धरती बचाना होगा।

(2) हमें अपनी धरती बचाने होगी।

(3) हमें अपनी धरती बचानी होगी।

(4) हमें अपना धरती बचाना होगा।

71. सही क्रम वाला वाक्य पहचानिए।

(1) राजा को अपने महल पर बहुत गर्व था।

(2) बहुत गर्व था अपने महल पर राजा को

(3) गर्व था राजा को महल पर बहुत अपने।

(4) राजा को गर्व था अपने महल पर बहुत

72. हमारे होठों पर सचाई रहती है। (काल पहचानिए)

(1) भविष्यत काल (2) आसन्न भूत काल

(3) वर्तमान काल (4) भूत काल

73. पिताजी की आँखों में खुशी के आँसू आ गए। (रेखांकित मुहावरे का अर्थ पहचानिए)

(1) बहुत आनंदित होना (2) बहुत दुखी होना

(3) बहुत मजाक करना (4) बहुत रोना

74. उठ–उठ गिर–गिर तरल तरंग । (रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए)

(1) नदी
(2) तालाब
(3) सागर
(4) लहर

75. फुटबॉल चुस्ती का खेल है । (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द पहचानिए)

(1) उत्साह
(2) सुस्ती
(3) नज़र
(4) ताकत

76. परिश्रम से स्वप्न साकार होते हैं । (रेखांकित शब्द का तद्‌भव रूप पहचानिए)

(1) स्वप्नम्
(2) स्वपन
(3) स्वापन
(4) सपना

77. सुशिक्षित नारी देश के विकास में सहायक है । (रेखांकित शब्द में उपसर्ग पहचानिए)

(1) त
(2) इत
(3) सु
(4) सुशि

78. मन की गहराई में देखो । (रेखांकित शब्द में प्रत्यय पहचानिए)

(1) हराई
(2) आई
(3) अई
(4) इ

79. युधिष्ठिर के निष्कपट स्वभाव से यक्ष संतुष्ट हुए । (रेखांकित शब्द का संधि–विच्छेद पहचानिए)

(1) निः + कपट
(2) निष + कपट
(3) निस् + कपट
(4) नि + कपट

80. चौराहे पर पुलिस वाला खड़ा है । (रेखांकित शब्द का समास पहचानिए )

(1) द्वंद्व समास
(2) तत्पुरुष समास
(3) अव्ययीभाव समास
(4) द्विगु समास